आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

**1845 गुरूवार** **09.10.2025**

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्यारह अक्टूबर को प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में सुजलाम भारत–जल संरक्षण और जल संवर्धन कार्यशाला में शामिल हुए।

3– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि पूरे प्रदेश में जल्द ही बड़े पैमाने पर सड़कों के पुनर्निर्माण का काम शुरू किया जाएगा।

4– छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने घोषित की हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल मुख्य परीक्षा की समय–सारिणी।

<u>धन धान्य कृषि योजना</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार ग्यारह अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। नई दिल्ली में आज मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश, गेहूं और चावल उत्पादन में आत्मनिर्भर है। अब देश दलहन उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनेगा।

<u>तंबाकू मुक्त युवा अभियान</u>

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में "तंबाकू मुक्त युवा" अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमति पटेल ने कहा कि देश के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा तंबाकू की लत से परेशान है।

किसी भी तरीके से, किसी भी स्वरूप में एक तम्बाकू के उत्पाद के प्रमोशन या उसके एडवटाइज इसको भारत सरकार ने प्रतिबंधित किया हुआ है। यह सारे प्रयास इसलिए हैं कि हम अपने युवा पीढी को बचा सके। माइनर्स के बीच में जो 18 साल के कम उम्र के बच्चे हैं, उनको तंबाकू के उत्पाद नहीं बेचे जा सकते। यह सारे प्रयास हमने किए हैं। जो हमारे विद्यालय है, स्कूल्स हैं, उनके सौ मीटर की दूरी में ये जो तम्बाकू के प्रोडेक्स हैं, वह नहीं उपलब्ध हो सकते हैं।

<u>मुख्यमंत्री–जल संरक्षण कार्यशाला</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में सुजलाम भारत–जल संरक्षण और जल संवर्धन कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भूजल स्तर बढ़ाने, वर्षा जल को सहेजने, जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और उन्हें संरक्षित करने का कार्य कर रही है। श्री साय ने कहा कि सरकार जल संरक्षण को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रही है।

कार्यशाला में जल संरक्षण के प्रतीक "जल कलश" में रायगढ़ में बहने वाली केलो नदी का जल अर्पित कर प्रदेश की सभी नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।

अरूण साव–सक्ती

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि पूरे प्रदेश में जल्द ही बड़े पैमाने पर सड़कों के पुनर्निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। यह बात उन्होंने सक्ती जिले में कल अटल परिसर का लोकार्पण अवसर पर कही। इस मौके पर उन्होंने अड़तालीस करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री–नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर चयनित दो सौ तैंतीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते बीस महीनों में विभिन्न विभागों में दस हजार से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री–वैद्य सम्मेलन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा और औषधि पादप बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परंपरागत वैद्य सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी पंजीकृत वैद्यों को प्रशिक्षण देकर उन्हें पंजीयन प्रमाण–पत्र प्रदान करेगी। भारत में लगभग साठ से सत्तर हजार वैद्य हैं, जिनमें से लगभग पंद्रह सौ छत्तीसगढ़ में सक्रिय हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पच्चीस वैद्यों को कच्ची औषधीय पिसाई मशीनें प्रदान कीं।

अतिरिक्त सचिव–कांकेर

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव कैरेलिन खोंगवार देशमुख आज आकांक्षी जिला कांकेर पहुंची। इस दौरान उन्होंने मावा मोदोल कोचिंग संस्थान और सेंट्रल लाइब्रेरी का अवलोकन किया। इसके बाद वे ग्राम कोदाभाट स्थित शासकीय श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने निःशक्त और मूक–बधिर बच्चों से बातचीत की।

राज्य ओपन स्कूल–परीक्षा

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल मुख्य परीक्षा की समय सारिणी घोषित कर दी है। हायर सेकेंडरी की परीक्षा सत्रह नवंबर से शुरू होकर एक दिसंबर तक चलेगी। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा भी सत्रह नवंबर से शुरू होगी, जो अट्ठाईस नवंबर तक चलेगी। विद्यार्थी परीक्षा संबंधी जानकारी के लिए राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

विश्व डाक दिवस

छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा आज विश्व डाक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी डाकघरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर ''पोस्ट फॉर पीपुल लोकल सर्विस ग्लोबल रीच'' के तहत रैली निकाली गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इसके अलावा संभागों में पोस्टाथन का आयोजन किया गया।

रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में निदेशक डाक सेवाएं दिनेश कुमार मिस्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत आज विश्व डाक दिवस मनाया जा रहा है।

बस्तर राइजिंग

बस्तर की सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और उद्यमशीलता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने बस्तर संभाग में आठ अक्टूबर से ''बस्तर राइंजिंग'' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के पहले दिन हिमाचल प्रदेश से आया नवाचारी दल केशकाल विकासखंड के अंतर्गत टाटामारी पहुंचा। दल के सदस्यों ने पुरातात्विक महत्व के स्थान गोबरहीन के प्राचीन शिवलिंग का अवलोकन किया और छठवीं शताब्दी के गढ़धनोरा के इतिहास के बारे में जाना। इसके बाद उनकी टीम होनहेड़ जलप्रपात भी गई। ''बस्तर राइंजिंग'' अभियान के तहत बस्तर की प्रेरक कहानियां, नवाचार और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा।

गोवा–पर्पल फेस्ट

बलौदाबाजार के मनोविकास केंद्र के पांच छात्रों का चयन गोवा में आयोजित पर्पल फेस्ट के लिए हुआ है। इन बच्चों का नाम कुलदीप निर्मलकर, तुषार सेन पुष्कर कुमार साहू, लोकेश कुमार वर्मा और किशन यादव है। पर्पल फेस्ट का आयोजन नौ से बारह अक्टूबर तक गोवा में किया जा रहा है। चयनित विद्यार्थी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पंद्रह मिनट का योग प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे, जो दिव्यांगजनों की क्षमताओं और समावेशन की भावना को उजागर करेगा। इस आयोजन में हिस्सा लेने से पहले बच्चों ने आज जिला कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाक़ात की। कलेक्टर ने छात्रों का फेस्ट के लिए चयन होने पर इसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेस–पत्रकारवार्ता

प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्ष के लिए संगठन सृजन छत्तीसगढ़ अभियान प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और रायपुर जिला संगठन सृजन अभियान के प्रभारी प्रफुल्ल गुद्दाढे ने आज रायपुर स्थित कांग्रेस भवन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्षों के चयन के संबंध में चर्चा की।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री गुद्दाढे ने कहा कि छह नामों का एक पैनल तैयार किया जाएगा, जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को बीस अक्टूबर तक भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महीने के अंत तक शहर जिला कांग्रेस कमेटी और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के नये अध्यक्ष का चयन कर लिया जाएगा। प्रदेश में छत्तीस नये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों का चयन किया जाएगा।

हाईकोर्ट–पुलिस हिरासत मौत

बीते उनतीस मार्च को धमतरी जिले के अर्जुनी थाने में पुलिस हिरासत में हुई एक युवक की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मृतक की पत्नी को तीन लाख और माता–पिता को एक–एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।

कोरबा–हाथी विचरण

कोरबा जिले के करतला वनमंडल के अंतर्गत रामपुर गांव और उसके आसपास के जंगलों में पिछले पंद्रह दिनों से करीब पचास हाथियों का दल विचरण कर रहा है। बीती रात एक जंगली हाथी ने रामपुर निवासी एक व्यक्ति को मार डाला। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत है। वन विभाग ने लोगों से जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल दस अक्टूबर को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत रायपुर संभाग के आठ सौ पचास तीर्थयात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी ने रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

– 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत सरगुजा जिले में दो हजार छह सौ बारह गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।

– तेरहवीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप का आयोजन कल से भिलाई में किया जाएगा। बारह अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों के करीब पांच सौ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>